अनुक्रमांक ..........  मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16+2 मानचित्र

नाम ..........................................

932 **825 (BY)**

**2022**

# सामाजिक विज्ञान

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।*

## खण्ड-क

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

**1.** फ्रांस की क्रान्ति कब हुई थी? **1**

(क) 1688 (ख) 1789 (ग) 1914 (घ) 1939.

**2.** भारत में शिक्षक दिवस कब मनाया जाता है? **1**

(क) 10 दिसम्बर (ख) 14 नवम्बर (ग) 5 सितम्बर (घ) 15 अगस्त।

**3.** भारत में 'राष्ट्रपिता' कह कर किसको सम्बोधित किया जाता है? **1**

(क) महात्मा गाँधी (ख) जवाहर लाल नेहरू (ग) सुभाषचन्द्र बोस (घ) गोपाल कृष्ण गोखले।

**4.** संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहाँ पर है? **1**

(क) जेनेवा (ख) न्यूयार्क (ग) द हेग (घ) इनमें से कोई नहीं।

**5.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई थी? **1**

(क) 1885 (ख) 1904 (ग) 1857 (द) 1855.

**6.** लिखित संविधान भारत में कब लागू हुआ? **1**

(क) 15 अगस्त (ख) 14 अगस्त (ग) 10 दिसम्बर (घ) 26 जनवरी।

**( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )**

**7.** भारत के किन्हीं **दो** पड़ोसी देशों के नाम लिखिए। **1 + 1**

**8.** भारतीय विदेश नीति के कोई **दो** सिद्धान्त बताइए। **1 + 1**

**9.** संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के **दो** स्थायी सदस्य देशों के नाम लिखिए। **1 + 1**

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

**10.** भारत छोड़ो आन्दोलन के किन्हीं **तीन** कारणों का उल्लेख कीजिए। **1+1+1**

**अथवा**

भारत में लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक किन्हीं तीन दशाओं का उल्लेख कीजिए। 1+1+

**11.** असहयोग आन्दोलन के मुख्य कारण क्या थे? 1+1+

**अथवा**

प्रथम विश्वयुद्ध के किन्हीं तीन परिणामों का उल्लेख कीजिए। 1+1+

**( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )**

**12.** यूरोप में राष्ट्रवाद के विकास में संस्कृति के योगदान को दर्शाने के लिए **तीन** उदाहरण दें। 2+2+

**अथवा**

जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया के बारे में एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 6

**13.** लोकतांत्रिक शासन की किन्हीं **दो** चुनौतियों का उल्लेख कीजिए। 3+3

**अथवा**

भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की भूमिका का वर्णन कीजिए। 6

**( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन के लिए ½, ½ अंक निर्धारित हैं :

**14.** (i) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का प्रथम अधिवेशन हुआ था। ½+½

(ii) वह स्थान जहाँ सितम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½+½

(iii) वह स्थान जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ। ½+½

(iv) वह स्थान जहाँ आनन्द भवन स्थित है। ½+½

(v) वह स्थान जहाँ प्रसिद्ध स्वर्ण मन्दिर स्थित है। ½+½

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र-कार्य के विकल्प के रूप में )**

**निर्देश :** इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

**14.** (i) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का प्रथम अधिवेशन कहाँ हुआ था? 1

(ii) सितम्बर, 1920 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था? 1

(iii) 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था? 1

(iv) आनन्द भवन कहाँ स्थित है? 1

(v) प्रसिद्ध स्वर्ण मन्दिर कहाँ स्थित है? 1

## खण्ड-ख

**( बहुविकल्पीय प्रश्न )**

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

**15.** निम्न में से कौन-सी रोपण फसल है? 1

(क) गेहूँ (ख) चना (ग) गन्ना (घ) मूँगफली।

**16.** निम्न में से कौन-सा संसाधन पुनःचक्रीय है? 1

(क) लोहा (ख) पवन ऊर्जा (ग) ज्वारीय ऊर्जा (घ) पशुधन।

**17.** कोरबा प्रसिद्ध है— 1

(क) प्राकृतिक गैस के लिए (ख) कोयला के लिए

(ग) सौर ऊर्जा के लिए (घ) बॉक्साइट के लिए।

**18.** निम्न में से कौन-सी रेशेदार फसल है? 1

(क) कपास (ख) जूट (ग) प्राकृतिक रेशम (घ) इनमें से सभी।

**19.** निम्न पड़ोसी देशों में से मानव विकास के लिहाज से किस देश की स्थिति भारत से बेहतर है? 1

(क) बांग्लादेश (ख) श्रीलंका (ग) नेपाल (घ) पाकिस्तान।

20. एक वस्तु का अधिकांशतः प्राकृतिक प्रक्रिया से उत्पादन सम्मिलित है — 1

(क) प्राथमिक क्षेत्रक में

(ख) द्वितीयक क्षेत्रक में

(ग) तृतीयक क्षेत्रक में

(घ) सूचना प्रौद्योगिकी में।

## ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

21. अपुनर्चक्रीय प्राकृतिक संसाधन किसे कहते हैं? कोई **दो** उदाहरण दीजिए। 1 + ½ + ½

22. अर्थव्यवस्था के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की कोई **दो** समस्याएँ लिखिए।

23. अर्थव्यवस्था का कौन-सा क्षेत्रक लोगों को सर्वाधिक रोजगार प्रदान करता है? 2

## ( लघु उत्तरीय प्रश्न )

24. अर्थव्यवस्था के तृतीयक क्षेत्र से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित बताइए। 1 + ½ + 1½

***अथवा***

गन्ना के उत्पादन के लिए अनुकूल भौगोलिक दशाएँ बताइए। 3

25. ऊर्जा के परम्परागत स्रोत किसे कहते हैं? उदाहरण सहित बताइए। 1½ + 1½

***अथवा***

विकास की पारम्परिक अवधारणा से आप क्या समझते हैं? 3

## ( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

26. प्राकृतिक संसाधन क्या हैं? इनके संरक्षण की आवश्यकता क्यों है? 3 + 3

***अथवा***

भारत में कृषि के महत्व पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 6

27. वैश्वीकरण किसे कहते हैं? वैश्वीकरण को सम्भव बनाने वाले कारक बताइए। 2 + 4

***अथवा***

उपभोक्ता के अधिकारों पर एक निबंध लिखिए। 6

## ( मानचित्र कार्य )

**निर्देश :** दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) गोदावरी नदी / चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(ii) नागार्जुन सागर बाँध ○ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

(iii) दक्षिणी भारत में कॉफी उत्पादक क्षेत्र ≡ ≡ ≡ चिह्न द्वारा। ½ + ½

(iv) भारत के किसी एक जूट उत्पादक क्षेत्र + + + चिह्न द्वारा। ½ + ½

(v) कोच्चि बन्दरगाह ● चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

## ( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) गोदावरी नदी देश के किस भाग में बहती है? 1

(ii) नागार्जुन सागर बाँध किस नदी में बना है? 1

(iii) दक्षिण भारत में कहवा (कॉफी) उत्पादक किसी एक राज्य का नाम लिखिए। 1

(iv) भारत में जूट उत्पादक किसी एक राज्य का नाम लिखिए। 1

(v) कोच्चि बन्दरगाह किस राज्य में स्थित है? 1